This question paper contains **16+8** printed pages]

*Your Roll No.* ..........................

**9589**

**B.Com. (Hons.)/II** **B**

Paper VIII—CORPORATE ACCOUNTING

(Admission of 2004 onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the School of Open Learning. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

**सभी** प्रश्न हल कीजिए ।

1. (*a*) Explain the situations when companies cannot issue shares at discount ? Also explain the other conditions for the issue of shares at discount. 5

(*b*) ABC Ltd. redeemed its ₹ 5,50,000, 5% debentures at a premium of 5%. The offer of redemption was as follow :

(*i*) Holders could get cash ***or***

(*ii*) Subscribe to 4% cumulative preference shares of ₹ 100 each issued at a premium of 5% ***or***

(*iii*) Take up 3% debentures of ₹ 100 each issued at a discount of 10%.

Debentureholders holding debentures of ₹ 2,00,000 took immediate cash, debentureholders holding ₹ 2,00,000 debentures agreed to subscribe to preference shares and the balance opted for new 3% debentures. Calculate the gain/loss arising out of above transactions and explain its nature. Pass the necessary journal entries also. 10

(क) उन स्थितियों को स्पष्ट कीजिये जब कंपनी बट्टे पर शेयरों को जारी नहीं कर सकती है। बट्टे पर शेयर जारी करने के लिए अन्य शर्तों को भी स्पष्ट कीजिए।

(ख) ए.बी.सी. लिमिटेड ने अपने ₹ 5,50,000, 5% ऋणपत्रों का 5% के प्रीमियम पर मोचन किया। मोचन का प्रस्ताव इस प्रकार था :

(*i*) धारक नकद प्राप्त कर सकते थे, **अथवा**

(*ii*) 5% के प्रीमियम पर जारी किये गये ₹ 100 प्रति शेयर के 4% संचयी अधिमान शेयरों के लिए अभिदान कर सकते थे, **अथवा**

(*iii*) 10% के बट्टे पर जारी किए गए ₹ 100 प्रति ऋणपत्र के 3% ऋणपत्र ले सकते थे।

₹ 2,00,000 के ऋणपत्रधारकों ने तत्काल नकद ले लिया, ₹ 2,00,000 ऋणपत्रधारक अधिमान शेयरों के लिए अभिदान करने के लिए सहमत हो गए और शेष ने नए 3% ऋणपत्र ले लिए। उपर्युक्त संव्यवहार से उद्भूत लाभ/हानि का परिकलन कीजिए और उसकी प्रकृति को स्पष्ट कीजिए। अपेक्षित जर्नल प्रविष्टियाँ भी कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What is minimum subscription ? How is it different from oversubscription and undersubscription. Explain and illustrate. 5

(*b*) The balance sheet of PQ Ltd. as on 31st March 2012 disclosed the following :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*i*) | Paid-up capital : | |
| | 1500, 9% redeemable preference shares of ₹ 100 each | 1,50,000 |
| | 7500 equity shares of ₹ 100 each, ₹ 80 paid up | 6,00,000 |
| (*ii*) | Capital reserve | 70,000 |
| (*iii*) | General reserve | 1,80,000 |
| (*iv*) | Securities premium | 10,000 |
| (*v*) | Profit and Loss A/c | 75,000 |

On 6th April 2012, the preference shares were redeemed at a premium of 10%. For the purpose of redemption, the company decided to :

(*i*) Issue 2500, 10% Debentures of ₹ 100 each.

(*ii*) Issue fully paid right equity shares of ₹ 100 each at a premium of 20% per share in the proportion of one share for every 10 shares held.

(*iii*) The company also converted the partly paid up equity shares into fully paid up shares without requiring the shareholders to pay for the same.

Pass the necessary Journal entries to record the above transactions and write the Balance Sheet extract after redemption. 10

(क) न्यूनतम अभिदान से क्या तात्पर्य है ? यह अध्याभिदान और न्यूनाभिदान से किस प्रकार भिन्न होता है ? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

(ख) पी.क्यू. लिमिटेड के 31 मार्च 2012 के तुलन-पत्र से निम्नलिखित सूचना मिली :

| | ₹ |
|---|---|
| (*i*) प्रदत्त पूँजी : | |
| ₹ 100 प्रति शेयर के 1500, 9% मोचनीय अधिमान शेयर | 1,50,000 |
| ₹ 80 प्रदत्त, ₹ 100 प्रति शेयर के 7500 इक्विटी शेयर | 6,00,000 |
| (*ii*) पूँजी आरक्षिति | 70,000 |
| (*iii*) सामान्य आरक्षिति | 1,80,000 |
| (*iv*) प्रतिभूति-प्रीमियम | 10,000 |
| (*v*) लाभ-हानि लेखा | 75,000 |

6 अप्रैल, 2012 को अधिमान शेयरों का 10% के प्रीमियम पर मोचन किया गया। मोचन-प्रयोजनार्थ कंपनी ने निश्चय किया कि :

(*i*) ₹ 100 प्रति ऋणपत्र के 2500, 10% ऋणपत्र जारी किए जाएँ

(*ii*) धारित प्रत्येक 10 शेयरों के लिए एक शेयर के अनुपात में 20% प्रति शेयर के प्रीमियम पर ₹ 100 प्रति शेयर के पूर्ण प्रदत्त अधिकाराश्रित साधारण शेयर जारी किए जाएँ।

(*iii*) कंपनी ने अंशतः प्रदत्त साधारण शेयरों को पूर्णतः प्रदत्त शेयरों में संपरिवर्तित भी कर दिया जिसके लिए शेयरधारकों को कोई भुगतान नहीं करना पड़ा।

उपर्युक्त संव्यवहार को दर्ज करने के लिए अपेक्षित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और मोचन के बाद का तुलन-पत्र उद्धरण लिखिये।

2. The Balance Sheets of X Ltd. as on 31st March 2011 and 31st March 2012 are given below :

| Liabilities | 31-3-12 ₹ | 31-3-11 ₹ | Assets | 31-3-12 ₹ | 31-3-11 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Share capital | 4,00,000 | 3,00,000 | Fixed Assets | 6,00,000 | 5,00,000 |
| Capital Reserve | 10,000 | — | *Less* : Accu. Depreciation | 1,70,000 | 1,50,000 |
| General Reserve | 65,000 | 50,000 | Net Fixed Assets | 4,30,000 | 3,50,000 |
| Profit & Loss A/c | 2,00,000 | 1,70,000 | Trade Investments | 60,000 | 80,000 |
| Prov. for Tax | 80,000 | 90,000 | Stock | 2,63,000 | 2,00,000 |
| Proposed dividend | 48,000 | 36,000 | Debtors | 1,50,000 | 1,06,000 |
| Other current liabilities | 1,50,000 | 1,40,000 | Bank | 40,000 | 30,000 |
| | | | Preliminary expenses | 10,000 | 20,000 |
| | 9,53,000 | 7,86,000 | | 9,53,000 | 7,86,000 |

During the year 2011-2012, the company :

(*i*) Sold one machine for ₹ 30,000 the cost of which was ₹ 60,000 and depreciation provided on it was ₹ 20,000.

(*ii*) Sold trade investment at a profit which was credited to capital reserve.

(*iii*) Paid income tax of ₹ 88,000 during the year.

(*iv*) Paid an interim dividend of ₹ 15,000.

Prepare cash flow statement for the year ended 31st March 2012. Show working notes clearly. 15

एक्स लि. का 31 मार्च 2011 और 31 मार्च 2012 का तुलन-पत्र निम्नलिखित है :

| देयताएँ | 31-3-12 ₹ | 31-3-11 ₹ | परिसंपत्तियाँ | 31-3-12 ₹ | 31-3-11 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| शेयर पूँजी | 4,00,000 | 3,00,000 | स्थिर परिसंपत्ति | 6,00,000 | 5,00,000 |
| पूँजी आरक्षिति | 10,000 | — | संचयी मूल्यह्रास घटाया (–) | 1,70,000 | 1,50,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 65,000 | 50,000 | शुद्ध स्थिर परिसंपत्ति | 4,30,000 | 3,50,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 2,00,000 | 1,70,000 | व्यापार-निवेश | 60,000 | 80,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 80,000 | 90,000 | स्टॉक | 2,63,000 | 2,00,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 48,000 | 36,000 | देनदार | 1,50,000 | 1,06,000 |
| अन्य चालू देयताएँ | 1,50,000 | 1,40,000 | बैंक | 40,000 | 30,000 |
| | | | प्रारंभिक व्यय | 10,000 | 20,000 |
| | 9,53,000 | 7,86,000 | | 9,53,000 | 7,86,000 |

वर्ष 2011-2012 के दौरान कंपनी ने :

(i) ₹ 30,000 में एक मशीन बेची, जिसकी लागत ₹ 60,000 थी और उस पर ₹ 20,000 मूल्यह्रास लगाया गया था।

(ii) व्यापार निवेश को लाभ पर बेचा जिसे पूँजी आरक्षिति में जमा कराया।

(iii) वर्ष के दौरान ₹ 88,000 आयकर दिया।

(iv) ₹ 15,000 का अंतरिम लाभांश दिया।

क्रियाविधि को स्पष्टतः दर्शाते हुए 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण तैयार कीजिये।

*Or*

(अथवा)

(*a*) What is meant by rebate on bills discounted ? How is it treated in the books of a bank ? Explain and illustrate. 5

(*b*) From the following information of a Commercial Bank on 31st March 2012, calculate the amount of provision to be made for NPAS : 5

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*i*) | Standard assets | 20,60,500 |
| (*ii*) | Sub-standard assets | 1,10,000 |
| (*iii*) | Doubtful assets (secured) | |
| | upto 1 year | 40,000 |
| | 1-3 years | 25,000 |
| | more than 3 years | 10,500 |
| (*iv*) | Doubtful assets (unsecured) | 22,500 |
| (*v*) | Loss of assets | 15,500 |

(*c*) While closing the books of a bank on 31st March 2011, you find in the loan ledger an unsecured balance of ₹ 5,00,000 in the account of one customer Mr. Z whose financial condition is reported to you as bad. Interest on the same amounted to ₹ 50,000 during the year but yet to be recovered. During 2011-12, the bank is able to realise only 80 paise in a rupee on account of customer's bankruptcy. Show the necessary journal entries to record the above. 5

(क) बट्टाकृत बिलों पर रिबेट से क्या तात्पर्य है ? बैंक की पुस्तकों में इसे किस प्रकार निरूपित किया जाता है ? उदाहरण देते हुए समझाइये।

(ख) एक वाणिज्यिक बैंक की 31 मार्च 2012 की निम्नलिखित सूचना से NPAS के लिए किये जाने वाले प्रावधान की राशि परिकलित कीजिये :

| | ₹ |
|---|---|
| (*i*) स्तरीय परिसंपत्तियाँ | 20,60,500 |
| (*ii*) अवस्तरीय परिसंपत्तियाँ | 1,10,000 |
| (*iii*) संदिग्ध परिसंपत्तियाँ (रक्षित) | |
| 1 वर्ष तक | 40,000 |
| 1-3 वर्ष तक | 25,000 |
| 3 वर्ष से अधिक | 10,500 |
| (*iv*) संदिग्ध परिसंपत्तियाँ (अरक्षित) | 22,500 |
| (*v*) परिसंपत्तियों की हानि। | 15,500 |

(ग) 31 मार्च 2011 को बैंक की पुस्तकों को बंद करने के दौरान आपको ऋण खाते में एक ग्राहक Z के लेखे में ₹ 5,00,000 के अरक्षित शेष का पता चला। आपकी सूचना के अनुसार Z की वित्तीय स्थिति खराब है। वर्ष के दौरान उस पर ₹ 50,000 ब्याज था, जिसे अभी वसूल करना था। वर्ष 2011-12 में ग्राहक के दिवाले के कारण बैंक एक रुपये में केवल 80 पैसे वसूल कर पाया।

उपर्युक्त को दर्ज करने के लिए अपेक्षित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

3. From the following balances of Beta Ltd. for the year ended 31st March 2012, prepare final accounts of the company taking into account the additional information :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*a*) | Building (Cost ₹ 40,000) | 30,000 |
| (*b*) | Furniture (Cost ₹ 1,000) | 500 |
| (*c*) | Motor vehicles (Cost ₹ 3,500) | 3,000 |
| (*d*) | Investment in equity shares | |
| | (Market value ₹ 22,000) | 20,000 |
| (*e*) | Investment in 500 preference shares of ₹ 10 each ₹ 6 paid up | 3,000 |
| (*f*) | Stock in trade at cost | 20,000 |
| (*g*) | Bills receivable | 5,000 |
| (*h*) | Sundry debtors | 14,000 |
| (*i*) | Cash at Bank | 8,750 |
| (*j*) | Share capital : | |
| | 5000 equity shares of ₹ 10 each | 50,000 |
| (*k*) | 6% mortgage debentures | 10,000 |
| (*l*) | Provision for tax | 10,000 |
| (*m*) | Sundry creditors | 5,500 |
| (*n*) | Discount on issue of debentures | 400 |
| (*o*) | Profit and Loss A/c (Credit) | 1,000 |
| (*p*) | Gross profit | 50,000 |
| (*q*) | Dividend received | 700 |

| | | |
|---|---|---|
| (*r*) | Salaries | 10,000 |
| (*s*) | Directors fees | 400 |
| (*t*) | Interest paid on debentures | 500 |
| (*u*) | Auditors fees | 650 |
| (*v*) | Trade expenses | 11,000 |

*Additional Information* :

(*i*) Provide 10% depreciation on original cost of all assets.

(*ii*) Provide ₹ 10,000 in respect of tax for the current year.

(*iii*) Write back ₹ 200 liability included in sundry creditors.

(*iv*) Market value of stock is ₹ 18,000.

(*v*) Dividend is proposed @ 20% for 2011-12.

(*vi*) Write off discount on issue of debentures. 15

बीटा लि. के 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निम्नलिखित शेषों से अतिरिक्त सूचना को ध्यान में रखते हुए कंपनी का अंतिम लेखा तैयार कीजिये :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*a*) | भवन (लागत ₹ 40,000) | 30,000 |
| (*b*) | फर्नीचर (लागत ₹ 1,000) | 500 |
| (*c*) | मोटर यान (लागत ₹ 3,500) | 3,000 |
| (*d*) | इक्विटी शेयरों में निवेश (बाजार मूल्य ₹ 22,000) | 20,000 |
| (*e*) | ₹ 6 प्रदत्त ₹ 10 प्रति शेयर के 500 अधिमान शेयरों में निवेश | 3,000 |
| (*f*) | लागत पर व्यापार माल | 20,000 |

| | | |
|---|---|---|
| (*g*) | प्राप्य बिल | 5,000 |
| (*h*) | विविध देनदार | 14,000 |
| (*i*) | बैंक में रोकड़ | 8,750 |
| (*j*) | शेयर पूँजी : | |
| | ₹ 10 प्रति शेयर के 5000 इक्विटी शेयर | 50,000 |
| (*k*) | 6% बंधक ऋण-पत्र | 10,000 |
| (*l*) | कर के लिए प्रावधान | 10,000 |
| (*m*) | विविध लेनदार | 5,500 |
| (*n*) | ऋण-पत्रों के निर्गम पर बट्टा | 400 |
| (*o*) | लाभ-हानि लेखा (जमा) | 1,000 |
| (*p*) | सकल लाभ | 50,000 |
| (*q*) | प्राप्त लाभांश | 700 |
| (*r*) | वेतन | 10,000 |
| (*s*) | निदेशकों का शुल्क | 400 |
| (*t*) | ऋणपत्रों पर दत्त ब्याज | 500 |
| (*u*) | अंकेक्षक शुल्क | 650 |
| (*v*) | व्यापार-व्यय | 11,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

(*i*) सभी परिसंपत्तियों की मूल लागत पर 10% मूल्यह्रास का प्रावधान कीजिए।

(*ii*) चालू वर्ष के लिए कर के बारे में ₹ 10,000 का प्रावधान कीजिए।

(*iii*) विविध लेनदारों में सम्मिलित ₹ 200 की देयता का प्रतिलेखन कीजिए।

(*iv*) स्टॉक का बाजार मूल्य ₹ 18,000 है।

(*v*) 2011-12 के लिए 20% दर पर लाभांश प्रस्तावित है।

(*vi*) ऋणपत्रों के निर्गम पर बट्टे का अपलेखन कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What is meant by notional call ? How does this concept help in the valuation of partly paid shares. Explain with the help of an illustration. 5

(*b*) The following is the Balance Sheet of Bright Ltd. as on 31st March 2012 :

| **Liabilities** | **Amount** ₹ | **Assets** | **Amount** ₹ |
|---|---|---|---|
| Equity share capital | | Goodwill | 2,00,000 |
| (Share of ₹ 10 each) | 10,00,000 | Equipment at Cost | 18,00,000 |
| General Reserve | 5,00,000 | Stock | 7,00,000 |
| Profit and Loss A/c | 2,00,000 | Debtors | 3,00,000 |
| 12% Debentures | 6,00,000 | Cash at Bank | 1,40,000 |
| Provision for Depreciation | | Deferred Advertisement Expenditure | 60,000 |
| on equipment | 3,00,000 | | |
| Staff welfare fund | 80,000 | | |
| *Proposed dividend* | 1,50,000 | | |
| Sundry creditors | 3,70,000 | | |
| | 32,00,000 | | 32,00,000 |

Calculate cum-dividend and ex-dividend value of equity share of the company on net asset basis with the help of the following further information : 10

(*i*) A fair after tax return is 20%.

(*ii*) Company's income tax rate is 40%.

(*iii*) Equipment to be revalued at ₹ 16,00,000

(*iv*) Stock's net realisable value is ₹ 6,00,000

(*v*) ₹ 20,000 in debtors are irrecoverable.

(*vi*) Goodwill is to be valued at capitalisation of average annual profit after tax of last three years.

(*vii*) Profits of the last three years are :

2011-12— ₹ 10,80,000, 2010-11— ₹ 10,20,000, 2009-10— ₹ 12,00,000.

(क) कल्पित माँग से क्या तात्पर्य है ? अंशतः प्रदत्त शेयरों के मूल्यन में यह संकल्पना किस प्रकार सहायता करती है ? एक उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

(ख) ब्राइट लि. का 31 मार्च 2012 का तुलन-पत्र निम्नलिखित है :

| देयताएँ | राशि ₹ | परिसंपत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी | | सुनाम | 2,00,000 |
| (₹ 10 प्रति शेयर) | 10,00,000 | लागत पर उपस्कर | 18,00,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 5,00,000 | स्टॉक | 7,00,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ-हानि लेखा | 2,00,000 | देनदार | 3,00,000 |
| 12% ऋणपत्र | 6,00,000 | बैंक में रोकड़ | 1,40,000 |
| उपस्कर पर मूल्यह्रास | | आस्थगित विज्ञापन व्यय | 60,000 |
| के लिए प्रावधान | 3,00,000 | | |
| कर्मचारी कल्याण निधि | 80,000 | | |
| प्रस्तावित लाभांश | 1,50,000 | | |
| विविध लेनदार | 3,70,000 | | |
| | 32,00,000 | | 32,00,000 |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना की सहायता से शुद्ध परिसंपत्ति आधार पर कंपनी के इक्विटी शेयर की लाभांशसह और लाभांशरहित मूल्य परिकलित कीजिये :

(*i*) करोपरांत उचित प्रतिफल 20% है।

(*ii*) कंपनी की आयकर दर 40% है।

(*iii*) उपस्कर का ₹ 16,00,000 पर पुनर्मूल्यन किया जाना है।

(*iv*) स्टॉक का शुद्ध प्राप्य मूल्य ₹ 6,00,000 है।

(*v*) देनदारों से ₹ 20,000 असंशोध्य हैं।

(*vi*) सुनाम का पिछले तीन वर्षों के कर के बाद औसत वार्षिक लाभ के पूँजीकरण पर मूल्यन किया जाएगा।

(*vii*) पिछले तीन वर्षों के लाभ हैं :

2011-12— ₹ 10,80,000, 2010-11— ₹ 10,20,000, 2009-10— ₹ 12,00,000।

4. The following are the Balance Sheets of X Ltd. and Y Ltd. as on 31st March 2012 :

| Liabilities | X Ltd. ₹ | Y Ltd. ₹ | Assets | X Ltd. ₹ | Y Ltd. ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 10% Preference shares | | | Goodwill | — | 750 |
| of ₹ 100 each | 22,500 | — | Freehold Premises | 36,000 | — |
| Equity shares of | | | Machinery | 1,03,530 | — |
| ₹ 10 each | 90,000 | 15,000 | Furniture | 3,360 | 2,250 |
| Capital reserve | 28,800 | — | Trademarks | 300 | — |
| General Reserve | 37,200 | 4,350 | Stock | 38,400 | 15,030 |
| Profit & Loss A/c | 3,450 | 660 | Debtors | 10,020 | 3,510 |
| 10% Debentures | 15,000 | — | Bills Receivable | — | 300 |
| Creditors | 4,350 | 2,490 | Bank | 6,690 | 660 |
| | | | Preliminary Exps. | 3,000 | — |
| | 2,01,300 | 22,500 | | 2,01,300 | 22,500 |

On the above mentioned date X Ltd. merged with Y Ltd. The merger took place with the following agreement :

(*i*) Y Ltd. allotted 2500 equity shares to preference shareholders of X Ltd.

(*ii*) 10,000 equity shares are allotted to equity shareholders of X Ltd.

(*iii*) Y Ltd. also agreed to convert 10% debentures of X Ltd. into equal number of 12% debentures.

(*iv*) Expenses of liquidation of ₹ 4,500 were borne by Y Ltd.

You are required to :

(*a*) Calculate the purchase consideration.

(*b*) Prepare realisation account and equity shareholders account in the books of X Ltd.

(*c*) Pass necessary journal entries in the books of Y Ltd.

(*d*) Prepare balance sheet of Y Ltd. after the merger. 15

एक्स लि. और वाई लि. के 31 मार्च 2012 के तुलन-पत्र निम्नलिखित हैं :

| देयताएँ | एक्स लि. ₹ | वाई लि. ₹ | परिसंपत्तियाँ | एक्स लि. ₹ | वाई लि. ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| ₹ 100 प्रति शेयर के | | | सुनाम | — | 750 |
| 10% अधिमान शेयर | 22,500 | — | पूर्णस्वामित्व परिसर | 36,000 | — |
| ₹ 10 प्रति शेयर के | | | मशीनरी | 1,03,530 | — |
| इक्विटी शेयर | 90,000 | 15,000 | फर्नीचर | 3,360 | 2,250 |
| पूँजी आरक्षिति | 28,800 | — | व्यापार-चिह्न | 300 | — |
| सामान्य आरक्षिति | 37,200 | 4,350 | स्टॉक | 38,400 | 15,030 |
| लाभ-हानि लेखा | 3,450 | 660 | देनदार | 10,020 | 3,510 |
| 10% ऋणपत्र | 15,000 | — | प्राप्य बिल | — | 300 |
| लेनदार | 4,350 | 2,490 | बैंक | 6,690 | 660 |
| | | | प्रारंभिक व्यय | 3,000 | — |
| | 2,01,300 | 22,500 | | 2,01,300 | 22,500 |

उपर्युक्त तारीख पर एक्स लि. का वाई लि. के साथ विलय हो गया। विलयन निम्नलिखित करार के साथ हुआ :

(i) वाई लि. ने एक्स लि. के अधिमान शेयरधारकों को 2500 इक्विटी शेयर आबंटित किए।

(ii) एक्स लि. के इक्विटी शेयरधारकों को 10,000 इक्विटी शेयर आबंटित किए गए।

(iii) वाई लि. ने एक्स लि. के 10% ऋणपत्रों के 12% ऋणपत्रों की समान संख्या में संपरिवर्तित करना भी तय किया।

(iv) ₹ 4,500 का समापन व्यय वाई लि. ने वहन किया।

आपको :

(क) क्रय प्रतिफल परिकलित करना है।

(ख) एक्स लि. की पुस्तकों में नकदीकरण लेखा (Realisation account) और इक्विटी शेयरधारक लेखा तैयार करना है।

(ग) वाई लि. की पुस्तकों में अपेक्षित जर्नल प्रविष्टियाँ करनी हैं।

(घ) विलयन के बाद वाई लि. का तुलन-पत्र तैयार करना है।

*Or*

**(अथवा)**

The Balance Sheet of ABC Ltd. on 31st March 2012 is as follows :

| **Liabilities** | **Amount** ₹ | **Assets** | **Amount** ₹ |
|---|---|---|---|
| 10% preference shares | | Goodwill | 1,80,000 |
| of ₹ 10 each | 1,00,000 | Patents | 10,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Equity shares of ₹ 10 each | 5,00,000 | Land and Building | 2,50,000 |
| General reserve | 40,000 | Machinery | 75,000 |
| 8% Debentures of ₹ 100 each | 40,000 | Furniture | 25,000 |
| Bank overdraft | 57,000 | Investments | 25,000 |
| Creditors | 80,000 | Preliminary Expenses | 2,000 |
| | | Profit & Loss A/c | 2,50,000 |
| | 8,17,000 | | 8,17,000 |

The following capital reduction scheme is approved by the court :

(*i*) Holders of 8% debentures of ₹ 100 each are to be given new 10% debentures of ₹ 50 each for the half amount and 10% preference shares of ₹ 10 each for the balance.

(*ii*) The value of all preference shares (including those issued to debentureholders) is to be reduced to ₹ 6 and dividend rate is to be increased to 12%.

(*iii*) The value of equity shares is to be reduced to ₹ 2 each.

(*iv*) The existing equity shareholders will purchase additional equity shares to contribute ₹ 2,00,000 in cash.

(*v*) Bank overdraft is to be repaid.

(*vi*) The creditors were offered either to accept 75% of the amount for cash or get payment after 6 months. 50% of the creditors accepted the cash offer.

(*vii*) All fictitious assets and intangible assets are to be written off.

(*viii*) Land and building is revalued at ₹ 2,70,000.

(*ix*) Investments have a market value of ₹ 19,000.

(*x*) Machinery and furniture are to be written off in proportion of book values with the help of General Reserve and Capital Reduction A/c balance.

Pass the necessary journal entries to record the above transactions. Prepare Capital Reduction A/c and the Balance Sheet after such changes. 15

ए.बी.सी. लिमिटेड का 31 मार्च 2012 का तुलन-पत्र इस प्रकार है :

| देयताएँ | राशि ₹ | परिसंपत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| ₹ 10 प्रति शेयर के | | सुनाम | 1,80,000 |
| 10% अधिमान शेयर | 1,00,000 | पेटेन्ट | 10,000 |
| ₹ 10 प्रति शेयर के इक्विटी शेयर | 5,00,000 | भूमि और भवन | 2,50,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 40,000 | मशीनरी | 75,000 |
| ₹ 100 प्रति ऋणपत्र के 8% ऋणपत्र | 40,000 | फर्नीचर | 25,000 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 57,000 | विनियोग | 25,000 |
| लेनदार | 80,000 | प्रारंभिक व्यय | 2,000 |
| | | लाभ-हानि लेखा | 2,50,000 |
| | 8,17,000 | | 8,17,000 |

न्यायालय ने निम्नलिखित पूँजी घटाना योजना का अनुमोदन किया :

(*i*) ₹ 100 प्रति 8% ऋणपत्रों के धारकों को आधी राशि के लिए ₹ 50 प्रति ऋणपत्र के नए 10% ऋणपत्र दिए जाएँगे।

(*ii*) सब अधिमान शेयरों (ऋणपत्रधारकों को जारी किए गए ऋणपत्रों सहित) का मूल्य घटाकर ₹ 6 कर दिया जाएगा और लाभांश दर बढ़ाकर 12% कर दी जाएगी।

(*iii*) इक्विटी शेयरों का मूल्य घटाकर ₹ 2 प्रति शेयर कर दिया जाएगा।

(*iv*) नकद ₹ 2,00,000 में अंशदान करने के लिए वर्तमान इक्विटी शेयरधारक अतिरिक्त इक्विटी शेयर खरीदेंगे।

(*v*) बैंक ओवरड्राफ्ट चुका दिया जाएगा।

(*vi*) लेनदारों को या तो राशि का 75% नकद में स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया गया या 6 महीने बाद भुगतान का। 50% लेनदारों ने नकद लेना स्वीकार किया।

(*vii*) सब आभासी परिसंपत्तियों तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का अपलेखन किया जाएगा।

(*viii*) भूमि और भवन को घटाकर ₹ 2,70,000 किया जाएगा।.

(*ix*) निवेशों का बाजार मूल्य ₹ 19,000 है।

(*x*) सामान्य आरक्षिति और पूँजी घटाना लेखा शेष की सहायता से खाता मूल्यों के अनुपात में मशीनरी और फर्नीचर का अपलेखन किया जाएगा।

उपर्युक्त संव्यवहार को दर्ज करने के लिए अपेक्षित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। इस प्रकार के परिवर्तनों के बाद पूँजी घटाना लेखा और तुलन-पत्र तैयार कीजिए।

5. The Balance Sheet of H Ltd. and S Ltd. on 31st March 2012 is as follows :

| Liabilities | H Ltd. ₹ | S Ltd. ₹ | Assets | H Ltd. ₹ | S Ltd. ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity shares of ₹ 10 each | 20,00,000 | 12,00,000 | Land & Building | 10,00,000 | 8,00,000 |
| | | | Plant & Machinery | 5,00,000 | 6,40,000 |
| General Reserve (on 1-4-2011) | 3,60,000 | 2,04,000 | Stock | 2,80,000 | 3,20,000 |
| | | | Debtors | 4,80,000 | 4,20,000 |
| Profit & Loss A/c (on 1-4-2011) | 2,40,000 | 96,000 | 80,000 shares in S Ltd. | 11,80,000 | — |
| Profit during the year | 4,40,000 | 3,36,000 | Bills Receivable | 1,20,000 | — |
| Bills payable | — | 80,000 | Cash | 40,000 | 20,000 |
| Creditors | 5,60,000 | 2,84,000 | | | |
| | 36,00,000 | 22,00,000 | | 36,00,000 | 22,00,000 |

(*i*) H Ltd. acquired shares in S Ltd. on 1-1-2012.

(*ii*) S Ltd. issued all bills payable to H Ltd. Bills receivable of H Ltd. include bills of S Ltd. for ₹ 48,000.

(*iii*) Sundry Debtors of S Ltd. include ₹ 40,000 owing by H Ltd.

(*iv*) Stock of H Ltd. includes goods worth ₹ 60,000 purchased from S Ltd. for which the latter company has charged profit at 25% on cost.

(*v*) Contingent liability for bills discounted by H Ltd. is ₹ 1,00,000.

Prepare a Consolidated Balance Sheet. 15

एच लि. और एस लि. के 31 मार्च 2012 के तुलनपत्र इस प्रकार हैं :

| देयताएँ | एच लि. ₹ | एस लि. ₹ | परिसंपत्तियाँ | एच लि. ₹ | एस लि. ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| ₹ 10 प्रति शेयर के इक्विटी शेयर | 20,00,000 | 12,00,000 | भूमि और भवन | 10,00,000 | 8,00,000 |
| सामान्य आरक्षिति (1-4-2011 पर) | 3,60,000 | 2,04,000 | संयंत्र और मशीनरी | 5,00,000 | 6,40,000 |
| लाभ-हानि लेखा (1-4-2011 पर) | 2,40,000 | 96,000 | स्टॉक | 2,80,000 | 3,20,000 |
| वर्ष के दौरान लाभ | 4,40,000 | 3,36,000 | देनदार | 4,80,000 | 4,20,000 |
| देय बिल | — | 80,000 | एस लि. में 80,000 शेयर | 11,80,000 | — |
| लेनदार | 5,60,000 | 2,84,000 | प्राप्य बिल | 1,20,000 | — |
| | | | नकद | 40,000 | 20,000 |
| | 36,00,000 | 22,00,000 | | 36,00,000 | 22,00,000 |

(*i*) एच लि. ने 1-1-2012 को एस. लिमिटेड के शेयर प्राप्त कर लिए।

(*ii*) एस लिमिटेड ने एच लिमिटेड को सभी देय बिल जारी कर दिए। एच लि. के प्राप्य बिलों में ₹ 48,000 के एस लिमिटेड के बिल शामिल हैं।

(*iii*) एस लिमिटेड के विविध लेनदारों में एच. लिमिटेड द्वारा देय ₹ 40,000 शामिल हैं।

(*iv*) एच लि. के स्टॉक में एस लि. से ₹ 60,000 मूल्य का माल शामिल है, जिसके लिए परवर्ती कंपनी ने लागत पर 25% लाभ प्रभारित किया है।

(*v*) एच लि. द्वारा बट्टाकृत बिलों के लिए ₹ 1,00,000 की प्रासंगिक देयता है।

एक समेकित तुलन-पत्र तैयार कीजिए।